प्यार की राह बड़ी मुश्किल होती है , पर लड़ेंगे , जीतेंगे : sushant_says

PIC. VAIBHAV SHUKLA



संस्थापक दिवस पर जेके मंदिर की छटा कुछ अलग दिखाई दी.

जब सतरंगी रोशनी से नहाया जेके मंदिर

जेके संगठन ने मनाया 138 वां संस्थापक दिवस

KANPUR (11 Nov): जेके मंदिर परिसर में शुक्रवार को जेके संगठन का 138 वां संस्थापक दिवस धूमधाम से मनाया गया. प्रोग्राम का शुभारंभ चीफ गेस्ट राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संयुक्त महासचिव कृष्ण गोपाल, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व सीएम के मुख्य सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने दीप प्रज्जवलित कर किया. जेके संगठन के निदेशक अभिषेक सिंहानिया ने अतिथियों का समारोह में आने के लिए धन्यवाद किया. कहा कि जेके संगठन की नींव तब रखी गई, जब हमारा देश अशांति व विपरीत परिस्थितियों से गुजर रहा था. लाला कमलापत सिंहानिया ने उत्तर भारत में पहली कॉटन मिल की स्थापना की. साथ ही उन्होंने एक विशाल साम्राज्य का स्वप्न देखा और उसे हकीकत करने के लिए दिन रात एक कर दिया. प्रोग्राम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल में रंग भर दिया. सुशीला सिंहानिया, मनोरमा गोविंद हरि जी सिंहानिया, अभिषेक सिंहानिया, वर्षा सिंहानिया, वेदांग सिंहानिया, मनीष मनसिंह, सर पद्मपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर के वाइस चेयरमैन व निदेशक पार्थो पीकर आदि मौजूद रहे.